भारत के मानचित्र में न्यू मूरी तथा कच्छ तिब्बू द्वीपों को सम्मिलित किया जाना

1120. **श्री सुशीलकुमार संभाजीराव शिन्दे :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय सर्वेक्षण द्वारा न्यू मूरी तथा कच्छ-तिब्बू द्वीपों को भारत के मानचित्र में सम्मिलित नहीं किया गया है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस संबंध में सरकार भविष्य में क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) से (ग) भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा न्यू मूरी द्वीप समूह को भारत के नक्शे में सम्मिलित कर लिया गया है। भारत और श्रीलंका के बीच ऐतिहासिक सागर और उससे संबंधित मामलों पर दोनों देशों के बीच हुए मेरीटाईम बाउंड्री करारनामा, जो 8 जुलाई, 1974 से लागू हुआ था, के अनुसार कच्छ-तिब्बू द्वीप को भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा भारत के मानचित्र में सम्मिलित नहीं किया गया है।

दिल्ली में हत्याएं

1121. **प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा क्या** गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1992 और 1993 के वर्षों के दौरान तथा वर्ष 1994 में अब तक दिल्ली में कितनी हत्याएं हुई हैं;

(ख) इनमें से कितने मामलों में हत्यारों को गिरफ्तार किया गया तथा कितने अभियुक्तों को सजा दी गई;

(ग) कितने मामलों को पुलिस सुलझा नहीं सकी; और

(घ) पुलिस द्वारा कितने मामलों की फाइलें बन्द कर दी गई हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० एम० सईद) :

(क) से (घ) वर्ष 1992, 1993 और 1994 (31-1-94 तक) के दौरान दिल्ली में सूचित हुए हत्या के मामले जिनके हत्यारे पकड़े गए और सजा दी गई, तथा मामले जो सुलझे नहीं तथा जिन मामलों का पता न लग सका की वर्ष-वार संख्या (दर्शाता) का विवरण ।

वर्ष	दिल्ली में हत्या के सूचित हुए मामलों की संख्या	मामले, जिनमें हत्यारे पकड़े गए	सजा दिए गए अभियुक्तों की संख्या	बिना हल हुए मामले की संख्या	मामलों की संख्या जिन्हें "पता न चल सका" फाइल किया गया
1992	529	422	1	98	75
1993	487	356	–	126	15
1994 (31-1-1994 तक)	36	20	–	16	–

Central assistance to contain militant Activities

1122. SHRI RAJUBHAI A. PRAMAR : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to stale ;

(a) whether the Government of Gujarat has equested for Central assistance, financial or otherwise, to contain militant activities in the State during the last one year;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) the action taken by the Central Govern ment thereon ?